आईआईएम रांची का 11वां एनुअल कन्वोकेशन : 2020-22 बैच के 352 विद्यार्थियों को मिली डिग्री

भविष्य के कॉरपोरेट लीडरों ने भरी उड़ान, 9 टॉपरों को मिला मेडल

राज्यपाल बोले- चुनौती को स्वीकार करें, कभी हार ना मानें

सिटी रिपोर्टर| रांची

पूरी दुनिया अब खुला है, जहां चुनौतियां भी हैं, खुद को चुनौतियों के लिए तैयार करें। हमेशा चुनौती को स्वीकार करें, कभी हार ना मानें। ये बातें झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने कही। उन्होंने कहा कि हाल के वर्षों में छात्रों द्वारा स्टार्टअप व उद्यमिता के क्षेत्र में विकास देखा जा रहा है। मौका था आईआईएम रांची में शनिवार को 11वां कन्वोकेशन का। जिसमें सत्र 2020-22 के एमबीए, एमबीए एचआर, एग्जिक्यूटिव एमबीए, पीएचडी और एग्जिक्यूटिव पीएचडी के कुल 352 छात्रों को डिग्री देकर सम्मानित किया गया। जिसमें एमबीए प्रोग्राम के 254 छात्र, एमबीए एचआरएम के 72, एग्जीक्यूटिव एमबीए के 23, पीएचडी के एक और एग्जीक्यूटिव पीएचडी के दो छात्र शामिल रहे। एमबीए, एमबीए एचआर और एग्जिक्यूटिव एमबीए के 9 टॉपरों को मेडल देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रुप में झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन, विशिष्ट अतिथि ब्लैकस्टोन-ईपीएल के एमडी व ग्लोबल सीईओ आनंद कृपालु, चेयरमैन बोर्ड ऑफ गवर्नर्स प्रवीण शंकर पांड्या आदि उपस्थित रहे।

डिग्री देते राज्यपाल

आईआईएम रांची के 11वें एनअुल कन्वोकेशन के दौरान उपस्थित विद्यार्थी व अतिथि।

जॉब लेने वाले की बजाए जॉब देने वाले बनें: प्रवीण शंकर पांड्या

चेयरमैन बोर्ड ऑफ गवर्नर्स प्रवीण शंकर पांड्या ने कहा कि देश की इकोनॉमी में तेजी से विकास हो रहा है। आपके पास अनेकों अवसर हैं। देश में स्टार्टअप का इको सिस्टम तैयार हो रहा है। जहां पर अपने स्टार्टअप के लिए आसानी से फंड प्राप्त कर सकते हैं। आप जॉब लेने वाले की बजाए, जॉब देने वाले बनें। संस्थान के डायरेक्टर प्रो. दीपक कुमार श्रीवास्तव ने संस्थान की रिपोर्ट प्रस्तुत किया। जिसमें विभिन्न स्टूडेंट और फैकल्टी आधारित प्रोग्राम्स पर चर्चा किया। उन्होंने स्टूडेंट्स से कहा कि कुछ समय और ऊर्जा उन लोगों के जीवन को बेहतर बनाने में लगाएं जो कम भाग्यशाली हैं।

इन्हें मिला मेडल: पहला रैंक प्राप्त करने वाले छात्र को बीओजी चेयरमेन मेडल, दूसरा रैंक प्राप्त करने वाले छात्र को डायरेक्टर्स मेडल और तिसरा रैंक प्राप्त करने वाले को प्रोग्राम चेयरपर्सन मेडल से सम्मानित किया गया। एमबीए प्रोग्राम में पहले स्थान पर प्रसून अदक, दूसरे स्थान पर कार्तिक, तीसरे स्थान पर अंकिता प्रिया रहीं। एमबीए एचआरएम में पहले स्थान पर देबरती चटर्जी, दूसरे स्थान पर चक्रवर्ती अनुरिमा अमिताभ, तीसरे स्थान पर बी ऐश्वर्या राय रहे। वहीं एग्जिक्यूटिव एमबीए में पहले स्थान पर सैमित्रा मुखर्जी, दूसरे स्थान पर प्रतीक खन्ना, तीसरे स्थान पर शुभ्रा धरा रहे। वहीं चौथा व पांचवां रैंक प्राप्त करने वाले छात्रों को बुक प्राइज से सम्मानित किया गया।

टॉपरों से बातचीत

सस्टेनेबल फाइनेंस के क्षेत्र में बिजनेस करना चाहता हूं : प्रसून

एमबीए प्रोग्राम के टॉपर प्रसून अदक अभी इन्फोसिस कंसल्टिंग में बिजनेस कंसल्टिंग के रूप में कार्यरत हैं। उन्होंने कहा कि कॉलेज की शुरूआत ऑनलाइन माध्यम से हुई थी। आगे समाज में जा कर सस्टेनेबल फाइनेंस के क्षेत्र में बिजनेस करना चाहते हैं।

महिलाओं की बेहतरी के लिए काम करना चाहती हूं : देवरती

एमबीए एचआरएम प्रोग्राम की टॉपर देवरती चटर्जी अभी आईबीएम कोलकाता में वर्कडे कंसल्टेंट हैं। उन्होंने बताया कि एआई टेक्नोलॉजी की मदद से महिलाओं की बेहतरी के लिए काम करना चाहती हूं।

संस्थान में पढ़ कर बहुत कुछ सीखने को मिला : सौमित्रा

एग्जिक्यूटिव एमबीए के टॉपर सैमित्रा मुखर्जी अभी सी-डीएसी मिनिस्टरी ऑफ इलेक्ट्रोनिक्स, भारत सरकार में कार्यरत हैं। उन्होंने कहा इस संस्थान में पढ़ कर बहुत कुछ सीखने को मिला।

Dainik Bhaskar, 23.04.2023, Pg. 02